प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
26.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–विमल नेगी मौत मामले में अदालत के फैसले के खिलाफ सरकार कोई अपील नहीं करेगी–भाजपा पर राजनीति करने का लगाया आरोप।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विमल नेगी मामले पर उच्च न्यायालय के फैसले पर मुख्यमंत्री की टिप्पणी को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने महिलामंडलों से प्रकृति के संरक्षण व मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में नेतृत्व का किया आह्वान।
- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर घुमारवीं, नाहन व बंजार में निकाली गई तिरंगा यात्रा।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले में उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इसके खिलाफ सरकार कोई अपील नहीं करेगी। दिल्ली से शिमला लौटने के बाद आज पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी अधिकारी की अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं करेगी और उचित फैसला लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सीबीआई को जांच में पूरा सहयोग करेगी और अगर भाजपा के पास भी भ्रष्टाचार के दस्तावेज हैं तो सीबीआई को देने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा को विमल नेगी के परिवार से कोई सहानुभूति नहीं है और वे इसे राजनीतिक मुददा बनाकर अपना स्वार्थ साधना चाहती है।

सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस मामले में सीबीआई टीम में हिमाचल का कोई अधिकारी शामिल न करने के उच्च न्यायालय के फैसले पर भी सवाल उठाए हैं।

नेता प्रतिपक्ष

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विमल नेगी मामले में उच्च न्यायालय के आदेश पर मुख्यमंत्री द्वारा की गई टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। आज मंडी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने उम्मीद जताई कि उच्च न्यायालय मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी का संज्ञान लेगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस टिप्पणी पर मुख्यमंत्री को हाईकोर्ट से माफी मांगनी चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि न्यायालय के निर्णय पर सवाल उठाना अनुचित है और विमल नेगी मामला सीबीआई के पास जाने पर मुख्यमंत्री बौखलाहट में है।

नेता प्रतिपक्ष ने स्पष्ट किया कि भाजपा इस मुद्दे पर कोई राजनीति नहीं कर रही है और राजनीति करने के लिए भाजपा के पास और भी कई मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा विमल नेगी के परिवार को न्याय दिलाने के पक्ष में हैं।

हर्ष महाजन

राज्य सभा सांसद हर्ष महाजन ने वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान चंबा ज़िला में एनएच–154 ए पर एक सौ 4 करोड़ 32 लाख रूपये की लागत से बनने वाले लूना पुल, भट्टीनाला और केरू पुल को मंजूरी देने के लिए केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि ये सभी पुल चंबा ज़िला के दूरदराज के क्षेत्रों में विकास को नई गति देंगे।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने महिला मंडलों से प्राकृति के संरक्षण और मादक द्रव्यों के खिलाफ लड़ाई में नेतृत्व करने का आह्वान किया है। शिमला ज़िला के जुब्बल उपमंडल में गिरी गंगा में जल स्रोत पुनरूद्धार अभियान का शुभारंभ करने के अवसर पर उन्होंने ये बात कही। राज्यपाल ने जलवायु परिवर्तन और घटते प्राकृतिक संसाधनों की चुनौतियों को देखते हुए गिरी गंगा जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने की ज़रूरत पर बल दिया। उन्होंने स्थानीय समुदायों विशेषकर युवाओं से पेड़ों और जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का संकल्प लेने का आग्रह किया। राज्यपाल ने कहा कि ये केवल एक राजकीय पहल नहीं बल्कि जल संरक्षण एक जनआंदोलन बनना चाहिए। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते हुए चिनार का पौधा भी रोपित किया।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। वे आज क्षेत्रीय अस्पताल सोलन के औचक निरीक्षण के बाद चिकित्सकों, पैरा मेडिकल कर्मियों व अन्यों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए विचार–विमर्श कर रहे थे। शांडिल ने कहा कि हिमाचल में दवा उद्योगों के उत्पादों की गुणवत्ता को बरकरार रखने के उद्देश्य से विभिन्न प्रयास किए जा रहे है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि लोगों को घर–द्वार पर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम मददगार साबित हो रहा है। आज किन्नौर ज़िला की सांगला पंचायत में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। इस अवसर पर उन्होंने सांगला, बटसेरी, रकछम व छितकुल पंचायतों में कार्यान्वित मल निकासी योजनाओं को पूर्ण करने का आश्वासन दिया ताकि पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके।

तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर सेना के शौर्य व सम्मान को लेकर प्रदेश में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में आज बिलासपुर ज़िला के घुमारवी में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व विधायक राजेन्द्र गर्ग और भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सिरमौर ज़िला के नाहन में तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने कहा कि महिलाओं के लिए ये गर्व की बात है कि ऑपरेशन सिंदूर का नेतृत्व भी वीर नारियों द्वारा किया गया था और भारतीय सेना ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ मुहंतोड़ जवाब दिया है। उधर मनाली विधानसभा के नग्गर मंडल द्वारा सिटीजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी के बैनर तले तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में बंजार के विधायक सुरेन्द्र शौरी और पूर्व मंत्री गोबिंद सिंह ठाकुर सहित भूतपूर्व सैनिक, स्कूली बच्चों, स्थानीय लोगों और विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों ने भाग लिया।

साचपास

चंबा को पांगी से जोड़ने वाले साच दर्रे को हल्के वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया गया है। अतिरिक्त ज़िला दण्डाधिकारी अमित मेहरा ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।

मांग

चंबा ज़िला के पांगी क्षेत्र की शौर पंचायत के उपप्रधान निहाल चंद भारद्वाज ने कहा है कि पिछले 4–5 महीनों से पंचायत में बीएसएनएल का सिगनल न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि लोगों को फोन से बात करने के लिए 30 से 40 किलोमीटर का सफर तय कर किलाड़ आना पड़ता है। निहाल चंद भारद्वाज ने बीएसएनएल के शिमला प्रबंधक से इस समस्या के जल्द समाधान की गुहार लगाई है।

संजौली मस्जिद

विवादित संजौली मस्जिद को तोड़ने के नगर निगम आयुक्त शिमला के आदेशों पर ज़िला सत्र न्यायालय ने आज रोक लगा दी है। वक्फ बोर्ड ने नगर निगम शिमला आयुक्त के मस्जिद गिराने के आदेशों को अदालत में चुनौती दी थी। वक्फ बोर्ड के एडवोकेट बी.एस ठाकुर ने बताया कि इस याचिका पर आज कोर्ट ने निगम आयुक्त के आदेशों पर स्टे लगाया है। मामले की अगली सुनवाई 29 मई को होगी।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा—विमल नेगी मौत मामले में अदालत के फैसले के खिलाफ सरकार कोई अपील नहीं करेगी—भाजपा पर राजनीति करने का लगाया आरोप।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विमल नेगी मामले पर उच्च न्यायालय के फैसले पर मुख्यमंत्री की टिप्पणी को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने महिलामंडलों से प्रकृति के संरक्षण व मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में नेतृत्व का किया आह्वान।
- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर घुमारवीं, नाहन व बंजार में निकाली गई तिरंगा यात्रा।